प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

न्यूजीलैंड के विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल ने किया पन्तनगर विश्वविद्यालय का भ्रमण

पन्तनगर। 28 फरवरी 2025। न्यूजीलैंड सरकार के 'डेयरी सहयोग कार्यक्रम' के अंतर्गत भारतीय डेयरी उद्योग में उन्नति एवं सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान मैसी विश्वविद्यालय, न्यूजीलैंड में मिनिस्ट्री फॉर प्राइमरी इंडस्ट्रीज से प्रो. गैरी उडी एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर एंड इनवायरनमेंट प्रो. निकोलस लोपेज–विलालोबोस सहित अन्य विशेषज्ञों ने विभिन्न डेयरी अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में सहभागिता की।

इसी क्रम में 27 फरवरी 2025 को विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. ए.एच. अहमद के निर्देशन में प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक डेयरी फार्म, नगला का भ्रमण किया, जहां उन्होंने उन्नत डेयरी प्रबंधन तकनीकों का निरीक्षण किया। तदोपरान्त कुलपति सभागार में उन्होंने कार्यवाहक कुलपति डा. दीपा विनय के निर्देशन में एक बैठक की, जिसमें अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद, डा. सीमा अग्रवाल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, वीपीपी; डा. मनीष चौधरी, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी; डा. शिवानी चौहान, पशुचिकित्सा अधिकारी, यूसीबी लालकुआं; डा. अशुतोष जोशी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर एवं डा. उदय शंकर, अतिरिक्त निदेशक, कुमाऊं सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस बैठक में न्यूजीलैंड और भारतीय डेयरी उद्योग में आनुवंशिक सुधार, सतत कृषि पद्धतियों एवं ग्रीनहाउस गैसों में कमी लाने से संबंधित विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। साथ ही पन्तनगर विश्वविद्यालय एवं मैसी विश्वविद्यालय, न्यूजीलैंड के मध्य छात्र विनिमय, अनुसंधान विनिमय एवं संकाय विनिमय कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया। इस बैठक का संचालन अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिवप्रसाद द्वारा किया गया, जिसमें डा. अनीता एवं डा. स्नेहा दोहरे ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठात एवं निदेशक उपस्थित रहें। यह सहयोग भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच डेयरी अनुसंधान एवं विकास को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा।

बैठक में न्यूजीलैंड के प्रतिनिधिमंडल के साथ कार्यवाहक कुलपति डा. दीपा विनय।

निदेशक संचार